
दैनिक जागरण 03/12/2022

# खेल उपलब्धियों पर इंटरनेशनल जिमनास्ट योगेश्वर सम्मानित



जीएमएन कालेज के पूर्व विद्यार्थियों को खेल उपलब्धियों पर सम्मानित करते हुए। ● विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के तीन पूर्व छात्रों को खेल में उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। यह तीनों छात्र लवली लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में मेडल जीतकर लौटे हैं।

शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. बृजेश गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में योगेश्वर ने एकल प्रतियोगिता में तीन गोल्ड तथा टीम ईवेंट में कांस्य पदक जीता। उन्होंने बताया की रोहित व प्रिंस की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। उन्होंने बताया की तीन गोल्ड व टीम का कांस्य पदक लेकर योगेश्वर आलराउंड जिम्नास्ट बना। कालेज के प्राचार्य डा. वीके जैन, प्रबंधक समिति के प्रधान डा. गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल ने खिलाड़ियों को शाल पहनाकर सम्मानित किया। कालेज की पूर्व छात्र एसोसिएशन की अध्यक्ष अंजलि वधावन ने भी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।